प्रेस नोट - थाना बण्डा

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक - 24.11.2026

थाना बण्डा, सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (अफीम) के साथ 01 मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में, श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी/जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र/मादक पदार्थ बिक्री व निर्माण एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/गश्त के दौरान थाना बण्डा पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 23.11.2026 को थाना बण्डा पुलिस टीम देखरेख शान्ति एवं कानून व्यवस्था/रात्रि गश्त, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र व रोकथाम जुर्म जरायम थाना क्षेत्र में भ्रमणशील थी। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विजय पुत्र रामभरोसे नि0मो0 कानून गोयन प्रेम नगर कस्बा व थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर हाल नि0मो0 कुन्दनपुर थाना व कस्बा बरखेडा जनपद पीलीभीत को एक सफेद रंग की पॉलीथीन में कुल 2 कि0ग्रा0 नाजायज अफीम, 01 अदद मोबाइल, कुल 2000 रुपये नगद व 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर के साथ बण्डा-पुवायाँ मार्ग से सिकन्दरपुर जाने वाले रास्ते से लगभग 50 मीटर की दूरी पर दिनांक 23.11.2026 को समय 22.35 बजे गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 - 529/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

विजय पुत्र रामभरोसे नि0मो0 कानून गोयन प्रेम नगर कस्बा व थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर हाल नि0मो0 कुन्दनपुर थाना व कस्बा बरखेडा जनपद पीलीभीत उम्र करीब 35 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण–

मु0अ0सं0 - 529/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक/समय व स्थान-

दिनांक 23.11.2026 समय 22.35 बजे, बण्डा पुवायाँ मार्ग से सिकन्दरपुर जाने वाले रास्ते से लगभग 50 मीटर की दूरी पर।

बरामदगी का विवरणः-

02 कि0ग्रा0 अफीम
01 अदद मोबाइल
कुल 2000 रुपये नगद
01 अदद मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण –

अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मैं कम दामों में कुछ अनजान व्यक्तियों से नशीला पदार्थ (अफीम) खरीदता हूँ और हाईवे पर जगह जगह पर लोगों/ट्रक ड्राईवरों को बेच देता हूँ। अनजान ट्रक ड्राईवरों को हाईवे किनारे खड़े होकर कुछ माल बेच भी दिया है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

बृजेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।
प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम जनपद शाहजहाँपुर।
व0उ0नि0 विनीत कुमार थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।
हे0का0 वेदप्रकाश थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।
का0 दीपू शर्मा थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।
का0 आशीष कुमार थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर।